आईडीबीआई बैंक को SEED के सफल क्रियान्वयन के लिए "भामाशाह पुरस्कार" से सम्मानित किया गया

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आईडीबीआई बैंक को पिछले वर्ष की आईडीबीआई बैंक की सीएसआर योजना सीड (SEED) (सशक्तिकरण और विकास के लिए शिक्षा का समर्थन) के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए 28.06.2025 को श्री प्रेमचंद बैरवा, उप मुख्यमंत्री और श्री मदन दिलावर, शिक्षा मंत्री की उपस्थिती में राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री, श्री भजन लाल शर्मा द्वारा भामाशाह अवार्ड से सम्मानित किया गया है. श्री अनुपम पार्थसारथी, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रमुख एवं महाप्रबंधक, जयपुर क्षेत्र ने आईडीबीआई बैंक की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया.

सीड (SEED) को आईडीबीआई बैंक की खुदरा शाखाओं के माध्यम से विद्यालयों को सहायता प्रदान करने की योजना के रूप में शुरू किया गया था. सीड (SEED) सरकारी विद्यालयों और स्थानीय निकायों से प्राप्त प्रस्तावों पर लागू था. सीड (SEED) के तहत, आईडीबीआई बैंक ने कंप्यूटर (रों), वॉटर फ़िल्टर, पंखें, टेबल, कुर्सियां, शैक्षिक सामग्री आदि के रूप में आस्ति/ उपकरण और विद्यालय के विकास के लिए आवश्यक अन्य आस्ति/ उपकरण खरीदने में वित्तीय सहायता प्रदान किया था.